तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

9 संवेदनशील मुद्दों पर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा



10 कोचियों, बिचौलियों पर कार्रवाई, 2216 क्विंटल अवैध धान जब्त






## खबर संक्षेप

### आज संविधान दिवस पर अमृत सरोवरों में होंगे कई कार्यक्रम

**धमतरी।** भारत में संविधान दिवस हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान अंगीकरण की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर मनरेगा योजना



अंतर्गत निर्मित सभी अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान दिवस का आयोजन सहित विविध कार्यक्रम होंगे। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि संविधान दिवस हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला के रूप में हमारे मूल्यों की याद दिलाता है। इस ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने के लिए जिले के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर सुबह 11 बजे स्थानीय हितधारकों, समुदाय समूहों एवं सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में विशेष समारोह का आयोजन कर संविधान की प्रस्तावना का पठन किया जायेगा।

### आवासीय स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 जनवरी को

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 जनवरी 2025 को होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह विकासखण्ड नगरी में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म 10 दिसम्बर तक किया जा सकता है।

### चयनित छात्र 26 नवम्बर तक प्रवेश लें

**धमतरी।** युवा करियर निर्माण योजना के तहत प्री मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्राक्चयन परीक्षा 10 नवम्बर को आयोजित की गई थी, जिसके आधार पर छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची तैयार कर विभागीय वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट ट्रिबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर अपलोड किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने प्राक्चयन परीक्षा में धमतरी जिले से चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 26 नवम्बर तक मेसर्स करियर पॉइन्ट लिमिटेड, चिन्तामणि हनुमान मंदिर के सामने चौबे कॉलोनी रायपुर में अनिवार्य रूप से प्रवेश लेने कहा है।

### उपचार के लिए लाया गया था जिला अस्पताल

# चकमा देकर विचाराधीन बंदी फरार, जेल प्रहरी हुआ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पेट दर्द का उपचार कराने जिला अस्पताल आया बंदी जेल के सिपाही को चकमा देकर फरार हो गया है। जेलर ने सिपाही को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। पुलिस के अनुसार जनार्दन भोई पिता पारमेश्वर उम्र 58 वर्ष जिला जेल धमतरी में जेल प्रहरी के पद पर पदस्थ था। 24 नवम्बर को जेल प्रहरी की ड्यूटी बंदियों के स्वास्थ्य चेकअप में लगी थी। वहीं विचाराधीन बंदी पंचराम उर्फ पंचू निषाद पिता गणेश निषाद उम्र 37 वर्ष ग्राम चंदली बालपुर थाना चंदनपुर जिला सक्ती छग निवासी कुरूद थाना में दर्ज अपराध की धारा 331-1, 35-1 बीएनएस के तहत 15 सितंबर 2024 से जेएमएफसी न्यायालय कुरूद के आदेश से जिला जेल में था। विचाराधीन बंदी को पेट में तकलीफ थी। 24 नवम्बर रविवार को बंदी के पेट की तकलीफ काफी बढ़ गई थी। बीते रविवार को जिला जेल का जेलर एनके डहरिया अवकाश पर था। बंदियों के स्वास्थ्य चेकअप कराने की ड्यूटी



कर रहे जेल प्रहरी जनार्दन भोई को रविवार को 12 बजे विचाराधीन बंदी पंचराम उर्फ पंचू निषाद ने सीने व पेट में दर्द होना बताया। जेल प्रहरी ने संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया। यहां कुछ देर रूकने के बाद बंदी ने प्रहरी से शौचालय जाने की बात कही। दोपहर 3 बजे बंदी को हथकड़ी लगे हालत में उसकी निजता-प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए शौचालय के भीतर भेज प्रहरी बाहर खड़ा था। शौचालय के आसपास लोगों की भीड़ थी, जिसका फायदा उठा विचाराधीन बंदी ने हथकड़ी को शौचालय में छोड़कर बाहर खड़े जेल प्रहरी को चकमा दे अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना के बाद फरार बंदी की जिला अस्पताल व बस स्टैण्ड तथा आसपास तलाश की गई। उसके नहीं मिलने पर जेल प्रहरी जनार्दन भोई ने सिटी कोतवाली पहुंचकर विचाराधीन बंदी पंचराम उर्फ पंचू निषाद के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पंचराम उर्फ पंचू निषाद के खिलाफ धारा 262 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पुलिस प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई : जेलर

जिला जेल जेलर एनके डहरिया ने बताया कि विचाराधीन बंदी को पेट की तकलीफ के चलते जेल प्रहरी उपचार कराने रविवार को जिला अस्पताल ले गया था। शौचालय जाने की बात कहकर वह प्रहरी को चकमा देकर भाग गया। कोतवाली थाना में घटना की एफआईआर कराई गई है। वहीं जेल प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया है। आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन को जानकारी दे दी गई है।

# पिस्टल व चाकू की नोक पर वृद्ध से लूट

- गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तीन आरोपियों ने घर घुसकर पिस्टल व चाकू की नोक पर वृद्ध से 8 हजार रुपए लूट लिए। पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सदर में जुलूस निकाला।

पुलिस के अनुसार युनेश्वर सिन्हा पिता मोहनलाल 63 वर्ष पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने सुभाष नगर वार्ड निवासी रविवार की रात्रि अपने घर पर अकेला था। इसी दौरान रात्रि लगभग 10.45 बजे तीन अज्ञात युवकों ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर तीनों उसके घर में घुस गए। उसमें से एक युवक ने कट्टा जैसा हथियार अपने हाथ में रखा था। तीनों ने युनेश्वर से उनका एटीएम पूछा। एटीएम नहीं होने की बात कहने पर चाकू व पिस्टल की नोक पर 8 हजार रुपए नकदी लूटकर भाग गए। पीड़ित युनेश्वर सिन्हा की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 309/4, 332/सी बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया।



कोतवाली व साइबर की संयुक्त टीम ने विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर गवाहों का बयान लिया। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी काले रंग

▶▶ शेष पेज 09 पर

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# कोर्रा आईटीआई में फेसिलिटी नहीं, छात्रों का भविष्य अधर में



- कुरूद आईटीआई में पुन: क्लास लगवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बिना फेसिलिटी वाली कोर्रा आईटीआई में 22 छात्रों का भविष्य अधर में है। सोमवार को आईटीआई कोर्रा के छात्रों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कुरूद आईटीआई में क्लास लगाने की मांग की है।

आईटीआई के छात्र हितेश साहू, भागीरथी साहू, मनीषा साहू, मानसी सूर्यवंशी, तेजिश्वनी साहू, पूर्वा, रामेश्वर, दुर्गा यादव, पूरण यादव, ऋषिकेश, कनिश, सुनील ने बताया कि वे आईटीआई में कोपा ट्रेड पर प्रवेश ले चुके हैं। उनकी पढ़ाई कुरूद आईटीआई में चल रही थी। 8 नवंबर 2024 को 22 छात्रों को कोर्रा आईटीआई में ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने बताया कि कोर्रा आईटीआई को हाईस्कूल कोर्रा में संचालित किया जा रहा है। इस आईटीआई में छात्रों के लिए कोई सिस्टम नहीं है, जो सिस्टम उपलबब्ध है वह स्कूल का है और पूरी तरह से खराब हो चुका है। आईटीआई के दो शिक्षक 15- 15 दिन के लिए शिफ्टवाइस पढ़ाने जाएंगे। कोर्रा आईटीआई में स्कूल का कम्प्यूटर है। यहां की व्यवस्था ठीक नहीं है। छात्रों ने कोर्रा में अव्यवस्था होने के कारण कुरूद आईटीआई में पुनः क्लास लगाने की मांग की है।



### कुकरेल स्वास्थ्य केंद्र में रात्रिकालीन सेवा शुरू करने की मांग

**धमतरी।** आदर्श व्यापारी संघ कुकरेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रिकालीन सेवा प्रारंभ कराने की मांग कलेक्टर से की है। सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे आदर्श व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुकरेल में दिन में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवा प्राप्त होती है, लेकिन रात में स्टाफ नहीं होने के कारण अस्पताल बंद हो जाता है। वर्तमान में धमतरी, नगरी मार्ग काफी व्यस्त हो गया है। आए दिन घटना दुर्घटना हो रही है। आकस्मिक समस्याओं के मरीज को रात्रिकालीन सेवा नहीं मिलने से उन्हें भटकना पड़ता है। व्यपारी संघ ने कुकरेल में रात्रिकालीन सेवा शुरू करने की मांग की है।




### अभयारण्य और सामान्य वन मंडल में रिक्त 72 पदों लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू

# वनरक्षक बनने के लिए युवाओं में मची होड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वनरक्षक के रिक्त 72 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस भर्ती प्रक्रिया में प्रदेश भर से 28 हजार युवा जिले में आएंगे। पुलिस आरक्षक भर्ती की तरह यह भर्ती प्रक्रिया भी पूरी तरह से डिजिटल है। पैरों में लगे चिप के जरिए उनकी दक्षता को मापा जा रहा है। इस परीक्षा में सफल होने वाले युवा लिखित परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

जिले में सरकारी नौकरी के लिए भर्ती का दौर चल रहा है। पहले से ही पुलिस लाइन रूद्री में पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया चल रही है। अब वन विभाग ने इंडोर स्टेडियम में वन रक्षक पद पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को बड़ी संख्या में युवा इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र के रिक्त 23 और वन मंडल धमतरी के रिक्त 49 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्रदेश भर से 31 हजार युवाओं ने इसके लिए फार्म जमा किया था। स्क्रूटनी के बाद इसमें से 28 हजार युवा पात्र पाए गए। अब इन पात्र युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में बुलाया जा रहा है। प्रतिदिन 2500 युवाओं को बुलाया जाएगा। पहले दिन भी इतने ही युवाओं को बुलाया गया था। इसमें से 500-500 युवाओं के पांच बैच बनाकर इवेंट करवाए जा रहे हैं।

### चार इवेंट पर आधारित है भर्ती प्रक्रिया

भर्ती प्रक्रिया डिजिटल सिस्टम से की जा रही है, जिसके चलते इसमें पूरी पारदर्शिता है। युवाओं को चार इवेंट में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। 200 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक में उन्हें दम दिखाना होगा। इन चारों इवेंट में पास होने के बाद ही युवा आगे के लिए पात्र होंगे। उन्हें इसके बाद व्यापमं की लिखित परीक्षा पास करनी होगी।

### झांसे में न आएं

भर्ती प्रक्रिया को लेकर डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया डिजिटल मशीन की मदद से की जा रही है। पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। हेराफेरी की गुंजाइश नहीं है। युवाओं को भी इमानदारी से इवेंट में बेहतर परफार्मेंस के लिए प्रयास करना चाहिए। यदि कोई रूपए लेकर ज्यादा नंबर दिलाने या नौकरी लगवाने का झांसा देता है तो युवाओं को इस झांसे में नहीं आना चाहिए।

विधायक ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला, नगर पंचायत अध्यक्ष ने बांटे इनाम

# ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

15 नवंबर से कुरुद क्रिकेट अकादमी के बैनरतले नगर के खेल मेला मैदान में आयोजित दस दिवसीय टी 20 ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मैच ब्रम्हवीर रायपुर और बालाजी इलेवन भिलाई के मध्य खेला गया। रायपुर ब्रम्हवीर मैच जीतकर केसीए ट्राफी का विजेता बना। मैन ऑफ द मैच आलोक साहू और मैन ऑफ सीरीज वैभव साहू रहे। बेस्ट बेस्टमेन सानिध्यता हुरकत एवं बेस्ट बॉलर श्याम त्रिपाठी रहे।





समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने मैदान पहुंचकर रायपुर और भिलाई के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने खेल में हार जीत से परे होकर हमेशा खेल को खिलाड़ी भावना से खेलने तथा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कहते हुए बेस्ट ऑफ लक कहा। फाइनल मैच की समाप्ति पश्चात विजेता रायपुर और उपविजेता भिलाई की टीम तथा पूरी प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर व्यक्तिगत पुरस्कार अपने नाम करने वाले खिलाड़ियों को नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर ने ट्राफी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि विकास चन्द्राकर, कुरुद प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष धनसिंह सेन, शिक्षिका सुमन कमलेश शर्मा, कैलाश शुक्ल, महेश साहू, लक्ष्मी साहू थे। इस दौरान तपन चन्द्राकर ने कहा कि खिलाड़ियों को सबसे पहले धैर्य रखना चाहिए। दबाव में वे न रहे। अपना स्वाभाविक खेल का प्रदर्शन कर आपसी तालमेल बना कर खेलें। आने वाले समय में ड्यूज बॉल के लिए टर्फ विकेट बनेगा। इस मैदान को और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को खेलने में सुविधा मिल सके। वहीं रायपुर और भिलाई के खिलाड़ियों ने कुरुद के इस आयोजन के साथ यहां के मैदान, एम्पायरिंग, स्कोरिंग, कामेंट्री सहित खेल भरे वातावरण को सराहा।

प्रतियोगिता में केसीए प्रमुख संजय ध्रुव, मलय चन्द्राकर, अंकित त्रिपाठी, सूर्या चन्द्राकर, अमित निषाद, तुकेश साहू, डुमेश साहू, विष्णु निर्मलकर, चुरामन साहू, लक्ष्मी नारायण यादव, चिंता ढीमर, गोपेश यादव, हेमंत साहू, प्रतीक, पवन चन्द्राकर, गोल्डी बजाज का योगदान रहा।

# चोटिल खिलाड़ियों के प्राथमिक उपचार की दी जानकारी

■ राज्यस्तरीय रग्बी फुटबॉल अधिशिक्षण एवं प्राथमिक उपचार पर हुआ वर्कशाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं छग रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय अधिशिक्षण (कोचिंग), निर्णयन (ऑफिशिएटिंग) एवं प्राथमिक उपचार (मेडिक) वर्कशाप का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा एवं जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने किया। वर्कशाप में इंडियन रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन से तीन प्रशिक्षक उपस्थित थे जिसमें अब्दुल वाहिद खान पठान भारतीय रग्बी फुटबॉल टीम के फिजियोथेरेपिस्ट हैं। वे विगत 9 वर्ष से अपनी सेवाएं भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन को दे रहे है। इनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को खेल के दौरान चोट लगने पर चोटग्रस्त खिलाड़ियों को किस प्रकार से प्राथमिक उपचार दिया जाए, इसकी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण दिया।

मुख्तार आलम विश्व रग्बी के द्वितीय स्तर के एजुकेटर हैं जिन्हें 30 वर्ष से अधिक अनुभव है। इनके द्वारा मैच रैफरी की तकनीकी जानकारी दी गई। गौतम डागर विश्व रग्बी के कोच प्रशिक्षक हैं। वे भारतीय रग्बी फुटबॉल टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। वर्ष 2007 से 2022 के मध्य राष्ट्रमंडलीय एवं एशियन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। छग के 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं छग रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के मध्य एमओयू का निष्पादन भी किया गया। इससे महाविद्यालय के बीपीएड एवं अन्य छात्रों को लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके महाविद्यालय ने पूरे राज्य में खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर हासिल किया है। जनभागीदारी अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर खेल के माध्यम से युवाओं के विकास हेतु संवेदनशील हैं। उनके प्रयास से शासकीय महाविद्यालय में बीपीएड पाठ्यक्रम आरम्भ हुआ।

## सिविल अस्पताल नगरी में निःशुल्क दंत प्रत्यारोपण

**नगरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी एवं शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले के पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्र में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पूर्व में किया गया जिसमें 5 मरीजों का पूर्ण दन्त प्रत्यारोपण एवं 27 मरीजों का आंशिक दन्त प्रत्यारोपण किये जाने के लिए मरीजों का चिन्हांकन किया गया। इसके तहत सिविल अस्पताल नगरी में 15 अक्टूबर को निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 22 लोगों की मैपिंग की गई थी। इसके बाद 22 नवंबर को 22 में से 20 हितग्राहियों को निःशुल्क डेंटल सेट लगाया गया। यह जिले में अपने तरह का पहला कैम्प है जिसमें इतनी महंगी सुविधा सामान्य जनमानस को निःशुल्क प्रदान की गई है। इस दरम्यान हितग्राही और उनके परिवारजन काफी खुश दिखे और भविष्य में ऐसा कैम्प होते रहने की उम्मीद जताई ताकि क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को यह सेवाएं मिलती रहे। इसके लिए हितग्राहियों ने सिविल अस्पताल नगरी, डेंटल कालेज रायपुर, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग तथा सहयोगियों का आभार जताया। शिविर में दंत महाविद्यालय रायुपर के डॉ सिद्धार्थ ठाकुर, डॉ. महेन्द्र अनंत, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. शुभम सेठी, डॉ. शशांक अग्रवाल, डॉ दीपिका साहू, खेमन दीवान डेंटल असिस्टेंट सहित डेंटल कॉलेज के इंटर्न स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दरम्यान डॉ अरुण नेताम बीएमओ, हितेन्द्र कुमार बीपीएम और डॉ श्रीकांत चंद्रकार, सलाहकार एनसीडी प्रोग्रामर उपस्थित थे।

## छाती सोसाइटी के प्राधिकृत अधिकारी बने ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

ललित साहू उड़ेना को सहकारी समिति छाती का प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी द्वारा उनकी नियुक्त की गई है। श्री साहू को समिति स्टाफ ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। श्री साहू ने किसान एवं संस्था हित में कार्य करने की बात कही। यह जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू ने दी है।

# मुजगहन में गोस्वामी समाज का बनेगा भवन

■ जिला गोस्वामी समाज की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव





ईशा गोस्वामी

जिला गोस्वामी समाज की बैठक रामपुर वार्ड धमतरी में विजयपुरी गोस्वामी निवास में हुई। बैठक में मुजगहन पंचायत द्वारा गोस्वामी समाज के लिए आबंटित भूमि में भवन निर्माण के लिए शीघ्र शिलान्यास कराने का निर्णय लिया गया है। सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। आकाशगिरी गोस्वामी को सहसचिव मनोनीत किया गया। भगवान दत्तात्रेय के प्राकट्य उत्सव पर 14 दिसम्बर को समाजजनों द्वारा सुबह 7 बजे राजिम स्थित मंदिर में पूजा -अर्चना करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अजय पुरी गोस्वामी की पुत्री ईशा गोस्वामी का एमबीबीएस में चयन होने पर हर्ष जताया। एमबीबीएस की पढ़ाई के देहरादून मेडिकल कॉलेज में होगी।

बैठक में नीलम बन गोस्वामी, अर्जुन पुरी गोस्वामी, विजय पुरी, दिनेश पुरी, रंजीत पुरी, हेमंत गिरी, रमन गिरी अजय पुरी, गुरु गोपाल पुरी, आकाश गिरी, अमितोज गिरी, मनीष पुरी, ज्ञानेन्द्र गिरी सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉक्टर प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता थीम पर सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम राजपुर में आयोजित गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरिविनायक सिन्हा जनपद सदस्य, प्रीतबाई कंवर सरपंच, नरेश अग्रवाल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मगरलोड , विजय यदु सदस्य जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मगरलोड एवं पुरुषोत्तम सिन्हा ने किया। शिविर में 70 स्वयं सेवकों ने भाग लिया है।

द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी के माध्यम से विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया। गांव के बाजार चौक, शीतला मंदिर प्रांगण, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला राजपुर में परियोजना कार्य के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया। बौद्धिक परिचर्चा में पंचायत विभाग से हेमलाल यादव पंचायत सचिव ने स्वयंसेवकों को पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमा चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीला साहू, सहायक प्राध्यापक निरूपा साहू, योगेश साहू, डॉ विनोद कुमार समेत सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को दी गई विदाई

■ बच्चों को अच्छे संस्कार देने के साथ शासकीय योजनाओं को पूरा करने की चुनौती : ग्वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा




शासकीय सेवा में 62 वर्ष की अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए प्राथमिक शाला कोरमुड़पारा सांकरा के प्रधानपाठक शारदाप्रसाद ग्वाले को जोन स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। अध्यक्षता अनिभा अग्रवाल संकुल प्राचार्य सांकरा ने की। विशिष्ट अतिथि आरएल साहू बीआरसी नगरी, बीएस गौर प्रपा नवागांव, केशर बिसेन प्रपा प्राशा मोदे, गौतम साहू सेनि प्रपा और छत्रपाल श्रीमाली थे।

माशा सांकरा तथा प्राशा छिंदपारा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री ग्वाले ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत से लेकर सेवानिवृत्ति तक की यात्रा का वर्णन करते हुए शिक्षकों से अपने शिक्षकीय कार्यों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा बेदाग छवि के साथ सेवानिवृत्त होने का आह्वान किया। कहा कि इस दुनिया में शिक्षकीय कार्य से बढ़कर कोई भी कार्य नहीं है। शिक्षकों को बच्चों को शिक्षा देने, उन्हें सफल नागरिक बनाने तथा उनमें अच्छे संस्कार डालने के साथ-साथ शासन की विभिन्न योजनाओं को भी पूरा करने की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। श्री ग्वाले को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक दिनेश ताम्रकार, सोनेंद्र ध्रुव का सहयोग रहा।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, बस्तर रोड, मानस डेली नीड्स के सामने, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा, जिला धमतरी छ.ग.
// नोटिस //

क्रमांक 32/ तह./वा.-2/2024 भखारा, दिनांक 11/11/2024

भगवानसिंह पिता स्व. धनसिंग जाति तेली अन्य 4
निवासी ग्राम पचपेड़ी कास्तकार पचपेड़ी
तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. ..........आवेदकगण

बनाम

ईश्वर लाल पिता स्व. बुधारूराम अन्य 06
निवासी ग्राम पचपेड़ी कास्तकार पचपेड़ी
तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. .......अनावेदकगण

विषयान्तर्गत लेख है कि ई कोर्ट प्र.क्र. 202407132000008/अ-27/वर्ष 2024 आवेदक भगवानसिंह पिता स्व. धनसिंग जाति तेली अन्य 04 निवासी ग्राम पचपेड़ी कास्तकार भेलवाकुदा तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम से कास्तकार ग्राम पचपेड़ी में स्थित भूमि खसरा नं. 1170 रकबा 0.38 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है। जिसे आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य आपसी बंटवारा किया जा चुका है। बंटवारा में खसरा नं. 1170 का टुकड़ा 48 डिसमील भूमि आवेदकगण द्वारा मौखिक विक्रय कर दिया गया है। जिसके अनुसार अन्य कृषक भरत राम कब्जा कास्त है तथा शेष भूमि पर अनावेदकगण का कास्त कब्जा अनुसार अपना नाम यथावत रखे जाने हेतु खाता विभाजन हेतु दस्तावेजमय आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः इस समाचार प्रकाशन के माध्यम से आपको न्यायालय द्वारा जारी नोटिस मानते हुये पेशी दिनांक 27/11/2024 को समय 11:00 बजे अनिवार्य रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त आवेदन के संबंध में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति/जवाब प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक को न्यायालय में उपस्थित नहीं होने मौन स्वीकृति मानते हुए प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
भखारा

## मितानिन गांव में मिनी डॉक्टर की भूमिका निभा रही : सरपंच

# करेली-बड़ी पंचायत में 10 मितानिन हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत भवन करेली बड़ी में 23 नवंबर को समारोह आयोजित कर गांव में स्वास्थ्य मुहैया कराने वाली 10 मितानिनों का श्रीफल और साड़ी भेंट कर सरपंच, पंचों ने सम्मानित किया। शासन के निर्देशानुसार हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। जनप्रतिनिधियों ने हाथ धोने के 6 तरीके भी बताए। ग्रामीणों को हाथ की नियमित सफाई करने प्रेरित किया।

इस अवसर पर सरपंच डोमार सिंह साहू ने कहा कि मितानिन गांव में मिनी डॉक्टर के तौर पर कार्य कर लोगों से स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी साझा करती है। समय-समय में स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली योजनाओं को घर -घर तक लाती है। टीकाकरण, वजन, ऊंचाई की माप कर रजिस्टर मेंटेन करती है। प्रसव कार्य इनके हाथ में है। जच्चा बच्चा की सेहत के लिए उनके घर तक पहुंचती है। सचिव दुष्यंत पटेल ने मितानिनों के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह घर- घर पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को बताती है। पंचों ने भी मितानिनों के योगदान को गिनाया।

मितानिन मिनेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, गीता साहू, चंपा बाई, तोषू साहू, केशरी साहू साहू, उमा निषाद, गोदावरी बाई, उषा बाई ने कहा कि वह गांव में एक सेवक के रूप में समर्पित होकर कार्य कर रही है। लोगों के स्वास्थ्य को लेकर हमेशा सतर्क रहती है।

मौके पर पंच दानेश्वर सिन्हा, यादराम निषाद, गणेशराम, हेमलता सिन्हा, गायत्री साहू, भागवत सोनकर, नकुल भारती, राजू साहू, सत्यभामा सोनकर, पार्वती, ईश्वरी बाई, मेनका, पिंकी राव, पूर्णिमा, मीना साहू, इंद्राबाई साहू, रोजगार सहायक ओमप्रकाश अहिरवार, पूनमचंद साहू, तीरथ साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### परमेश्वरी ने किया शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**अंवरी।** अपने जनपद पंचायत क्षेत्र में सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू द्वारा लगातार विकास कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम कुम्हारी में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं अपने जनपद क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहती हूं। 15 वें वित्त योजना से शेड निर्माण की नींव रखी गई। मौके पर प्रतिनिधि महेंद्र साहू, सरपंच मनोज टंडन, दिलीप यादव, खेमराज जांगड़े, दीपक मिरे, मनोज, पूरन सोनवानी, गैंदलाल समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### शत्रुघन बने भोथीडीह सोसाइटी अध्यक्ष



**मगरलोड।** प्रदेश पिछड़ा वर्ग कार्य समिति सदस्य शत्रुघन साहू रांकाडीह निवासी को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोथीडीह का प्राधिकृत बनाया गया है। मौके पर यवनलाल साहू महामंत्री भाजपा मंडल, हिरंजय साहू अध्यक्ष किसान संघ, महेन्द्र पटेल, घनश्याम कंवर, तोरणसिंह कंवर, ईश्वर सिन्हा समिति प्रबंधक, नेपाल साहू लिपिक, गजेन्द्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, नेकराम, परमानंद, निखिल निषाद, नंदकुमार, त्रिलोक कंवर, देवनारायण, लेखराम, लोकेश, विजय, गैंदराम मौजूद थे।

### बूथ क्रमांक 150 के दीनदयाल अध्यक्ष बने



**नगरी।** शक्ति केंद्र अ के बूथ क्रमांक 150 वार्ड क्रमांक 11-12 में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा के निर्देश पर चुरियारापारा के सामुदायिक भवन में बैठक रखी गई जहां बूथ अध्यक्ष दीनदयाल सरपा का नाम प्रस्तावित किया गया। बूथ के सभी सदस्यों ने ताली बजाकर उनका समर्थन किया। मौके पर चुनाव प्रभारी गुरुप्रसाद साहू सहप्रभारी यशकरण पटेल, शक्ति केंद्र प्रभारी बलजीत छाबड़ा, पार्षद अश्वनी निषाद, बूथ अध्यक्ष दीनदयाल सरपा, हरीश सार्वा, बल्लू निषाद, प्रदीप देवांगन, शिव निषाद, योगेश देवांगन, देवेंद्र निषाद, छबिलाल निषाद, गिरिजाबाई निषाद, मनोज यादव, सोनसाय निषाद, मनीष गंगेश, उत्तम निषाद, गणेशीबाई निषाद, जगबाई ध्रुव, भुवनेश्वरी निषाद, सहदेवराम निषाद, बुधारूराम निषाद, महेश निषाद, नरेश निषाद, हीरा देवांगन, अनिरुद्ध रामटेके उपस्थित थे।

### बारना में रक्तदान शिविर व कवि सम्मेलन हुआ



**कुरुद।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कातलबोड़ द्वारा 21 से 27 तक ग्राम बारना में रासेयो शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम बारना, झुरानवागांव, सेमरा, सिवनी खुर्द के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 37 यूनिट रक्तदान शाम 5 बजे तक किया गया। रक्त संग्रहणकर्ता मानस ब्लड बैंक धमतरी था जिन्होंने जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में गुड़ी चौक बारना में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवि भारत बुलन्दी करहीभदर, भोपालमणि साहू डाभा मगरलोड, मुकेश पटेल व प्रहलाद पटेल धमतरी, कवियत्री जया यादव थे। मंच संचालन कवि आत्माराम साहू व कार्यक्रम अधिकारी टीके साहू ने किया। कार्यक्रम का ग्रामवासियों ने आनन्द लिया।

### वालंटियर्स कैम्प में आनंद मार्ग स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा




**नगरी।** आनंद मार्ग एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी रायपुर द्वारा राज्यस्तरीय स्टूडेंट्स कैम्प का आयोजन उमरिया रायपुर में किया गया। इसमें राज्य के 10 स्कूलों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट, पीटी, योग साधना एवं विभिन्न प्रकार के जैसे खेल कबड्डी, खो खो,रेस, ऊंची कूद लम्बी कूद, रिले रेस, स्पीच, ड्राईग, क्विज आयोजित किया गया। इस आयोजन में आंनद मार्ग विद्यालय सांकरा के 34 छात्र भी शामिल हुए और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सभी इवेंट में स्थान पाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्य नीरज साहू, शिक्षिका कुमारी खेलन, गोदावरी सिन्हा, रीना तारक, हितेश्वरी साहू शामिल थे। यह जानकारी शिक्षिका भूमिका सोनी ने दी है।

### देवेंद्र बने जेई, अकादमी ने किया सम्मानित



**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के ट्रेनर देवेंद्र साहू का चयन बिजली विभाग के जेई पोस्ट में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि के लिए अकादमी द्वारा सम्मान समारोह रखा गया। मौके पर डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के संस्थापक गुलशन साहू, सदस्य कमलनारायण, आशीष, छाया, विभा, कुसुम, चांदनी, डेमेश्वरी, तुलसी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### टीबी मरीज को फूड बास्केट प्रदान किया



**धमतरी।** टीबी उनमूलन कार्यक्रम के तहत आयुष आरोग्य मंदिर सलोनी में निक्षय मित्र के रुप में घनश्याम सिंह साहू शिक्षक एवं विजय कुमार जगनायक ने टीबी मरीज विवेकानंद साहू 62 वर्ष ग्राम दरगहन ब्लाक नगरी को फूड बास्केट प्रदान किया। यह पोषक आहार से भरपूर खादय पदार्थों का समावेश है। मौके पर सीएचओ राजेश्वरी ध्रुव, आरएचओ श्रीमती लक्ष्मी सोनकर, एनके ध्रुव एवं श्रीमती पुष्पा बंजारे प्रधानपाठिका प्राशा सलोनी उपस्थित थी।

### 20 लोगों ने ली भाजपा की प्राथमिक सदस्यता



**धमतरी।** ग्राम अछोटा में भाजपा की रीति नीति एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, जिला महामंत्री महिला मोर्चा मोनिका देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्भय यादव की उपस्थिति में पूर्व गंगरेल मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन के नेतृत्व में उनके आवास में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र देवांगन कुंभकार, समाज के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद चक्रधारी सहित 20 कार्यकर्ताओं को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई एवं भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर अछोटा बूथ अध्यक्ष गिरधारी लाल देवांगन, मुड़पार बूथ अध्यक्ष सुखराम यादव, भाजपा कार्यकर्ता घनाराम यादव, तरुण कुमार देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामसागरपारा वार्ड में लगा पीएम आवास शिविर



**धमतरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत रामसागरपारा वार्ड में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय पार्षद श्यामा साहू ने हितग्राहियों का मार्गदर्शन किया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और योजना से जुड़ी अपनी समस्याओं और सवालों का समाधान पाया। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए, जहां लाभार्थियों ने अपने दस्तावेज जमा किए। पार्षद श्यामा ने सरकार की इस पहल को गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा कदम बताया। पार्षद ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत समाज के हर वर्ग को छत उपलब्ध कराने का लक्ष्य है और इस दिशा में हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### सड़क पर पड़ी घायल गाय का इलाज कराया



**सिर्री।** कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रांताध्यक्ष मनोज देवांगन ने अपने साथियों के साथ पारागांव बाजार चौक के मुख्य मार्ग में घायल पड़ी गाय की जान बचाई। उसे पशु मालिक के निवास पहुंचाकर उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग श्री ओगरे को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। पशु चिकित्सक एसके बघेल ने इलाज किया। बताया जाता है कि अज्ञात हाइवा की ठोकर से गाय घायल हुई है। सेवा कार्य में मुकेश देवांगन, गोपी देवांगन का भी सहयोग रहा। उनके इस कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की।

### निधन : रामप्रसाद साहू



**धमतरी।** ग्राम गागरा छाती निवासी रामप्रसाद साहू का निधन रविवार को हो गया है। वे विरेंद्र साहू, योगेश साहू के पिता थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पिस्टल व चाकू की नोक पर युवक से लूट

की स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचबी 3762 से आए थे। पुलिस तीनों आरोपियों व स्कूटी की तलाश में जुट गई। इस दौरान पुलिस ने स्कूटी में सवार तीन व्यक्ति संजय साहू उर्फ संजू, कृष्णा नायक उर्फ बिट्टू व नितिन ध्रुव को पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। वहीं सुनीलम होटल से दो नग मोबाइल की चोरी करना भी बताया। आरोपी संजय साहू उर्फ संजू से लूट की रकम 12 सौ रूपए, घटना में उपयोग की गई पिस्टल, स्कूटी तथा चोरी के दो नग मोबाइल फोन को जब्त किया गया। आरोपी कृष्णा नायक से लूट के 12 सौ रूपए व नितिन ध्रुव से 12 सौ नकदी तथा बटंची चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी संजय साहू उर्फ संजू पिता जगदीश 32 वर्ष लालबगीचा खम्हनबाड़ी सुभाष नगर निवासी, कृष्णा नायक उर्फ बिट्टू पिता नाहरसिंह 26 वर्ष हटकेशर व नितिन ध्रुव पिता पुरूषोत्तम 19 वर्ष टिकरापारा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का कोतवाली से मकई चौक तक पैदल जुलूस निकल लोगों को भयमुक्त रहने का संदेश दिया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी संजय साहू के खिलाफ पूर्व में जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला, एएसआई महेंद्र साहू, बीरेंद्र बैस, प्रआ दीपक साहू, डिलेश्वर कुजुर, आरक्षक महेंद्र कोसरिया, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, प्रआ लोकेश सिन्हा, आरक्षक कमल जोशी, कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, फनेश साहू, विकास द्विवेदी, आनंद कटकवार, योगेश नाग, दीपक साहू, मनोज साहू, मुकेश मिश्रा, धीरज, योगेश का योगदान रहा।

**खबर का असर :** अब धान बेचने ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन टोकन कटवाने की मिलेगी

# किसानों की परेशानी को देखते हुए सुविधाओं में किया जा रहा बदलाव


सुबह साढ़े नौ बजे खुलता है और चंद मिनटों में हो जाती है खरीदी की लिमिट पूरी
ऑनलाइन टोकन : स्लो या ठप सर्वर बढ़ा रहा किसानों की परेशानी
टोकन के लिए मच रही है होड़
कुछ टोकन सहकारी समितियों से भी हो जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने में ऑनलाइन टोकन के कारण किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए उनकी सुविधाओं में बदलाव किया जा रहा है। जिले के किसानों को जल्द खुशखबरी मिल सकती है। आगामी 9 दिसम्बर से ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन टोकन सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि किसानों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज विक्रय के लिए सोसाइटियों में टोकन कटवाने लाइन लगाने के झंझट से दूर रखने मोबाइल एप टोकन तुंहर हाथ द्वारा ऑनलाइन घर बैठे टोकन काटने की सुविधा दी है। लेकिन अधिकांश किसान ग्रामीण क्षेत्र से है जिनमें अधिकांश के पास कीपैड मोबाइल है। जिनके पास एंड्रॉयड मोबाइल है, वे भी खराब नेटवर्क व एप के स्लो या ठप सर्वर के कारण अपना टोकन नहीं कटवा पा रहे हैं।

इसे हरिभूमि ने 23 नवंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का असर हुआ और प्रशासन ने किसानों को हो रही समस्या को देखते हुए जल्द ही ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन टोकन काटने की सुविधा शुरू करने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों के पास सोशल मीडिया व्हाट्सएप के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

### 60% आनलाइन व 40% आफलाइन काटे जाएंगे टोकन



गौरतलब है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है। इस बार अधिकांश टोकन मोबाइल में ऐप के माध्यम से काटा जा रहा है, जिन किसानों का टोकन जल्द कट रहा है, उनके लिए अच्छा साबित हो रहा है। वहीं जिन किसानों को जल्द धान बेचना है, लेकिन टोकन कटाने में समस्या हो रही है, उनके लिए परेशानी वाली बात है। मिली जानकारी अनुसार अब 60 फीसदी टोकन ऑनलाइन व 40 फीसदी टोकन सोसाइटियों के माध्यम से ऑफलाइन काटे जायेंगे। वहीं जिन-जिन उपार्जन केंद्रों में प्रतिदिन तय लक्ष्य से कम धान की आवक हो रही है। इस सुविधा के शुरू हो जाने के बाद आवक में शार्टेज की समस्या दूर हो जायेगी जिससे शासन द्वारा निर्धारित की गई तिथि पर किसान अपनी उपज बेच पाने में सफल होंगे।

### कुछ इस तरह से तय की जायेगी टोकन काटने की लिमिट

उपार्जन केंद्र स्तर पर प्रति दिवस अधिकतम खरीदी सीमा मात्रा का कम से कम 40 फीसदी मात्रा का टोकन उपार्जन केंद्र द्वारा समिति सॉफ्टवेयर से एवं 60 फीसदी मात्रा टोकन टोकन तुहंर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। टोकन तुहंर हाथ मोबाइल एप के माध्यम टोकन से आवेदन दिनांक से न्यूनतम 7 दिवस के पश्चात अगले सात कार्य दिवस का टोकन जारी करने की अनुमति है। उपार्जन केंद्र स्तर पर समिति सॉफ्टवेयर के माध्यम टोकन आवेदन आज दिनांक से 3 दिवस के पश्चात अगले सात कार्य दिवस का टोकन जारी करने की अनुमति है जिसमें सीमांत कृषक 2.5 एकड़ से कम एवं लघु कृषक 2.5 से 5 एकड़ का अधिकतम 2 टोकन एवं दीर्घ कृषक 5 एकड़ से अधिक का अधिकतम 3 टोकन बनाने की अनुमति है। नया टोकन बनाने रविवार से शुक्रवार तक सुबह 9:30 से शाम 5 बजे की समय सीमा निर्धारित है। टोकन आवेदन करते समय उपलब्ध मात्रा की गणना समिति के लिमिट के अनुसार है।

# संवेदनशील मुद्दों पर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने चार संवेदनशील मुद्दों को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। विधायक के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे कांग्रेस के पदाधिकारियों ने रबी में धान फसल लेने की अनुमति, आफलाइन टोकन की सुविधा, बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक तथा अवैध रेत उत्खनन एवं प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि छग को धान का कटोरा का स्थान दिलाने में धमतरी जिले की मुख्य भूमिका है। यहां का जलवायु धान फसल के लिए बहुत उपयोगी है। जिले के किसान बहुतायत में धान की उपज लेते हैं। यह आय का मुख्य स्त्रोत होने के साथ साथ यहां का उद्योग व्यवसाय धान की फसल पर आश्रित है। शासन प्रशासन द्वरा फसल चक्र परिवर्तन के नाम पर रबी सीजन में धान नहीं लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। आम किसानों के बीच रबी में धान उत्पादन पर 50 हजार का जुर्माना, मोटरपंप की बिजली काटने सहित अनेक भ्रांति है। वर्तमान में उत्पादित दलहन तिलहन खरीदने की कोई एमएसपी योजना नहीं है। इससे किसानों को दलहन तिलहन विक्रय करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। कमेटी ने किसानों के हित में रबी फसल में दलहन तिलहन उत्पादन की अनिवार्यता को समाप्त कर एच्छिक फसल उत्पादन पर जोर देने की मांग की है।

#### अवैध रेत उत्खनन से पर्यावरण को नुकसान

जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं अवैध प्लाटिंग का कार्य लगातार बढ़ता जा रहा है। जिला प्रशासन भूमिगत जल संरक्षण के लिए अनेक प्रयास कर रहा है वहीं जीवनदायनी महानदी में जगह जगह अवैध रेत उत्खनन जारी है। अवैध रेत उत्खनन से पर्यावरण को नुकसान होने के साथ भारी वाहनों की आवाजाही से कई परिवारों को सड़क दुर्घटना में अपना सदस्य खोना पड़ा है। इसके अलावा शहर तथा शहर के आउटरों में भू माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से कृषि भूमि पर प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ने रेत के अवैध उत्खनन एवं अवैध प्लाटिंग पर शीघ्र रोक लगाने की मांग की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व अध्यक्ष मोहन लालवानी, ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, रामनाथ यादव मौजूद थे।

#### ऑफलाइन टोकन सुविधा की जरुरत

जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि राज्य सरकार ने धान खरीदी में सुविधा के लिए टोकन तुंहर हाथ एप की सुविधा दी है। शुरुआती दौर में टोकन तुंहर द्वार एप ठीक ठाक रहा। अब इस ऐप में तकनीकी समस्या के कारण किसान टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। बार- बार आ रही दिक्कतों के कारण किसानों द्वारा आफलाइन टोकन की मांग हो रही है। किसानों के हित में आफलाइन टोकन सुविधा दिए जाने की मांग की है।

#### बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाई जाए

जिले में लगातार चाकूबाजी, लूटपाट, मारपीट की घटना बढ़ती जा रही है। शहर सहित गांवों में गुंडे बदमाश बेखौफ हैं। उनमें कानून का डर खत्म हो गया है। हालात यह है कि लोग घर से निकलने में डरने लगे हैं। इसकी मुख्य वजह किशोरों में प्रतिबंधित नशाओं का सेवन है। सूखा नशा, अवैध शराब गांव एवं शहर के गली मुहल्लों में बिक रही है। जिला कांग्रेस कमेटी ने बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने की मांग की है।

# सेमरा में भागवत कथा सुनने पहुंच रहे श्रोता



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



सेमरा में 22 से 30 नवंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन धर्मराज देवांगन द्वारा किया गया है। कथावाचक दिलीप त्रिपाठी कोमाखान है। कथा श्रवण करने रोज हजारों भक्त पहुंच रहे हैं। चौथे दिन की कथा में त्रिपाठी जी ने बताया कि मनुष्य को सांसारिक जीवन में किसी चीज से ज्यादा प्रेम नहीं करना चाहिए। कथा प्रसंग के दौरान बताया कि महाराज भरत को एक हिरण के बच्चे से इतना प्रेम हो गया कि उन्होंने पूजा पाठ, जप तप, भक्ति भाव यहां तक परमात्मा को भूल गया। इससे महाराज भरत को सांसारिक जीवन में भिक्षा मांगनी पड़ी। मनुष्य को अपना जीवन धन धान्य, संतान एवं सांसारिक मोह-माया में न गंवाकर हरि भजन में लगाना चाहिए। उन्होंने समुद्र मंथन, भक्त प्रहलाद जन्म, नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। कथा सुनने मुकेश, चुनेद्र, अर्जुन सिंह, सहदेवराम, नंदकुमार, तुलसी, ह्रदयलाल, हेमनाथ, हीरालाल कमलनारायण लेंजवार समेत अनेक भक्त उपस्थित थे।

# रमेश बरबांधा बूथ अध्यक्ष चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम बरबांधा में बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी की बैठक बेलर मंडल महामंत्री मनोहरदास मानिकपुरी के आतिथ्य में हुई। इस दौरान पार्टी की विचारधारा एवं बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने व बूथ स्तर के चुनाव को लेकर विचार किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ।

बूथ अध्यक्ष रमेश नेताम को चुना गया। सचिव अरविंद कोर्राम, बीएलए 2-महेश नेताम, महिला प्रभाग ललिता मरकाम, निर्मला मरकाम, युवा प्रभाग रितेश नेताम, योगेश कोर्राम, प्रमुख विष्णु मरकाम, मन की बात प्रमुख मंगल मरकाम, स्वच्छता शिवलाल कोर्राम, की-वोटर पीलाराम कोर्राम, मोटरसाइकिल प्रमुख हरिराम मरकाम, छह कार्यक्रम दिलीप पटेल, सामाजिक बीजूराम नेताम, दीप कमल रामसुंदर ठाकुर, लाभार्थी प्रमुख सुरेश नेताम, पन्ना प्रमुख जयपाल मरकाम बनाए गए।

मौके पर कृष्ण पटेल, कृष्ण मरकाम, धिराज मरकाम, रतनू नेताम, डोमार सिंह नेताम, आत्माराम मरकाम, चन्द्रशेखर मरकाम, कमलेश मरकाम, देशी नेताम, कुंवरसिंह मरकाम, ईश्वर सोनी, पुरुषोत्तम नेताम, राजेन्द्र पटेल, तामेश्वर कोर्राम, नवलसिंह मरकाम, देवलाल कुंजाम, नरेश निषाद, विश्वनाथ कुमार, शिवचरण नेताम, सुकलजी नेताम, रमेश कोर्राम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अहिल्या बाई ने द्वादश शिव मंदिरों के साथ कई घाटों का निर्माण करवाया

- पीएमश्री नगरी में अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर हुई व्याख्यान माला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पीएमश्री उत्कृष्ट श्रृंगी ऋषि हायर सेकेंडरी स्कूल नगरी में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर आयोजन समिति खंड नगरी द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। अतिथि खंड सचिव अधिवक्ता तुलसी राम साहू ने कहा कि भारतीय सभ्यता बहुत ही प्राचीन है। भारत में मुगलों के आक्रमण के बाद नारियों की स्थिति दयनीय थी। आज से 300 साल पहले मालवा मध्यप्रदेश के राजा मल्हार राव होल्कर ने अपनी बहू को शिक्षा दीक्षा देकर युद्ध कौशल में निपुर्ण किया। अपने पुत्र के युध्द में वीरगति प्राप्त होने पर बहू अहिल्याबाई को सती नहीं होने दिया और नारी शक्ति की रक्षा की। रानी अहिल्याबाई होल्कर ने ससुर एवं पुत्र की मृत्यु के बाद मालवा की सत्ता सम्हाली। लगभग 30 साल मालवा राज्य का शासन किया। उन्होंने किसानों, जनता, गरीबों के लिए बावड़ी, तालाब, नहर बनवाई। द्वादश शिव मंदिरों के साथ अनेक मंदिरों एवं घाटों का निर्माण करवाया। शिव भक्त महारानी ने अपने राजाज्ञा में प्रतीक चिन्ह ओम एवं हस्ताक्षर में शंकर लिखा करती थी। उपाध्यक्ष अमिता दुबे ने कविता के माध्यम से अहिल्या बाई के कार्यों का गुणगान किया। सुषमा आडिल उपाध्यक्ष ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर न्याय प्रिय थी। राज्य में अनैतिक कार्य करने वालों को कठोर सजा देती थी। उन्होंने अपनी प्रजा के हित में कई कार्य किये। कवि दीपांशु दीवान फरसियां ने कविता के माध्सम से उत्साह का संचार किया। प्रस्तावना अध्यक्ष आरएल देव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जैन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्रभारी प्राचार्य ऋषि सोनी ने किया। मौके पर आयोजन समिति के रूपेंद्र साहू,परमेश्वर सोनबेर, ऐश्वर्य साहू, सुरेंद्र प्रजापति, शिक्षक मायावती सूर्यवंशी, दुर्गेश्वरी पात्रे समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी : अंबिका



- मगरलोड में सिन्हा समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



कलार डड़सेना सिन्हा समाज के तत्वावधान में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती नगर पंचायत मगरलोड में मनाई गई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम थीं। विधायक ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि सशक्त समाज के लिए समाज को संगठित होने की जरूरत है। इसके लिए हमें सामाजिक गतिविधियों का संचालन समय-समय पर करते रहना चाहिए। किसी भी समाज को सशक्त बनने के लिए शिक्षित होने की जरूरत होती है। उन्होंने समाजजनों से निवेदन किया कि वे समाज के बच्चों को शिक्षित करें। आज नशाखोरी चरम सीमा पर है। नशा पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलेश्वर मंडल मगरलोड नरेश सिन्हा ने की। अति विशिष्ट अथिति नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डीहूराम साहू थे। मौके पर वीणा, टीएल सिन्हा, दिलीप सिन्हा, राधेश्याम सिन्हा, मुकेश सिन्हा, दिनेश कुमार सिन्हा, नीलकंठ सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, नंदनी सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, हरिविनायक सिन्हा, तेजनाथ सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, चंदन बाफना, डाकुवर साहू, मोहन चक्रधरी, सन्नी मरकाम, महेंद्र पाण्डेय, जयंती साहू समेत समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## तेजेश्वर बने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष

**अंवरी।** तेजेश्वर कुर्रे को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने धमतरी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर श्री कुर्रे ने कहा कि वे पार्टी की रीति-नीति को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## जनपद अध्यक्ष ने पानी टैंकर उपलब्ध कराया

**नगरी।** ग्राम पंचायत मुनईकेरा के ग्रामीणों की मांग पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने जनपद निधि से ग्रामवासियों को पानी टैंकर की व्यवस्था उपलब्ध कराई है। ग्राम दिनकरपुर में ग्राम सभा के दौरान उन्होंने पानी टैंकर का लोकार्पण किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामवासियों से पानी टैंकर का सदुपयोग करने का आग्रह किया।

## छात्रों को बताया स्वच्छता का महत्व

**बोरसी(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन एवं संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रैली, स्वच्छता स्लोगन, ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर बैनर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें स्कूल के चारों हाऊस के छात्रों ने हिस्सा लिया।

## स्वच्छता अपनाने ग्रामीणों को किया प्रेरित

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला संगठक निरंजन कुमार के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने मुजगहन के बाजार में स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय तथा शाउमावि मुजगहन के स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत मुजगहन, बाजार परिसर की साफ-सफाई की तथा बाजार परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने के लिये सब्जी, किराना समान विक्रेताओं तथा ग्रामीणों को प्रेरित किया। स्वच्छता नारा लगाया। कचरे के निपटारन हेतु उचित स्थान की व्यवस्था की। इस दौरान चंद्रशेखर साहू सरपंच, लखन लाल सिन्हा उपसरपंच, बलराम साहू पंच, रूपचंद यादव भृत्य ने स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की। इस अभियान में रासयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो आकांक्षा मरकाम, ऋषिकांत सिन्हा प्राचार्य शाउमावि मुजगहन, शाउमावि मुजगहन के कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सिन्हा, रविशंकर कौशिक, रासेयो स्वयंसेवक संदीप, रविकांत, परमानंद, नोमिता, टीना, खुशी, लक्ष्मण, भावेश, केसर साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### उड़नदस्ता दल ने 30 प्रकरण दर्ज किए, सोमवार को छाती की तीन दुकानों की जांच की

# कोचियों, बिचौलियों पर कार्रवाई, 2216 क्विंटल अवैध धान जब्त

**जिले में अब तक 15,129 किसानों से 65,030 मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीदी**




हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

उड़नदस्ता दल द्वारा धान खरीदी के दौरान कोचियों, बिचौलियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दल ने अब तक 30 प्रकरण दर्ज कर 2216 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है।

जिले में समर्थन मूल्य पर 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक पंजीकृत 1 लाख 28 हजार 346 किसानों में से 15 हजार 129 किसानों का कुल 65,030.68 मे. टन धान की खरीदी की गई है। खरीदे गए धान का मूल्य 150.03 करोड़ रूपये है। जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सुव्यस्थित रूप से की जा रही है। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान के अवैध भण्डारण, परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है, जिसकी रोकथाम के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल द्वारा 14 नवम्बर से 23 नवम्बर तक अवैध धान भण्डारण, परिवहन करने वालों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई कर 30 प्रकरण दर्ज कर कुल 2 हजार 216 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार सोमवार को ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल धमतरी द्वारा दुष्यंत किराना स्टोर ग्राम छाती, होलाराम धनकर ग्राम छाती एवं केशव प्रसाद यदु स्टोर ग्राम छाती के प्रतिष्ठान की आकस्मिक जांच की गई।

जांच में दुष्यंत किराना स्टोर ग्राम छाती में 102 कट्टा (40.80 क्विंटल), होलाराम धनकर ग्राम छाती में 110 कट्टा (44.00 क्विंटल) तथा केशव प्रसाद यदु स्टोर ग्राम छाती में 180 कट्टा (72.00 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 392 कट्टा (156.80 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया है। सोमवार तक एक हजार 578 मे.टन धान का भण्डारण संग्रहण केन्द्र भोयना में किया गया है तथा शेष धान का भण्डारण कार्य जारी है।

## मुल्ले के ग्रामीणों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**जीजामगांव।** ग्राम मुल्ले में कुछ लोग अवैध शराब की बिक्री करते थे। ग्रामीणों द्वारा लगातार उसकी शिकायत पुलिस थाना सहित अनेक जगहों पर की गई। कुछ लोगों पर कार्रवाई भी हुई फिर भी कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार करते रहे। अवैध शराब के खिलाफ सतनामी समाज सहित ग्रामीण समाज ने एक संयुक्त बैठक कर अवैध शराब बेचने वालों को सख्त हिदायत देकर शराब का कारोबार बंद कराया गया है। सतनामी समाज अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी ने बताया कि सतनामी समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने बैठक कर गांव में अवैध शराब बंद करने का निर्णय लिया है जिसमें सभी लोगों की सहमति बनी हुई है। लोगों ने अवैध शराब न बेचने की शपथ ली है। अध्यक्ष श्री सोनवानी ने बताया कि मुल्ले में जब से अवैध शराब की बिक्री बंद हुई है तबसे यहां का माहौल खुशनुमा बना हुआ है।

## यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने दिवाली मिलन समारोह मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की धमतरी इकाई का दिवाली मिलन समारोह साहेब रेस्टोरेंट में मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 सदस्यों ने भाग लिया। चेयरमैन योगेश गुप्ता ने आगामी चुनाव की जानकारी दी। सचिव कुशल चोपड़ा ने विगत 1 वर्षों में हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। काजल मुंजवानी और दीपमाला साहू ने विभिन्न मनोरंजक गेम्स कराए। एकता सिंह, लक्ष्मी देवांगन, अशोक देवांगन, साहिर हुसैन, गोपाल ताम्रकार आदि ने गायन प्रस्तुत किया। देश भक्ति गीत प्रतियोगिता में धमतरी यूनिट को तीसरा स्थान दिलाने के लिए लक्ष्मी देवांगन और पूजा साहू का सम्मान किया गया। वैदिक सोनकर और मंजू चंद्राकर का जन्मदिन मनाया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य डॉ अनंत दीक्षित, अमरनाथ गुप्ता, पीसी चौधरी, हरमिंदर छाबड़ा, घनश्याम सोनी, रमेश देव, मनीष चंद्राकर, रमेश जैन, मोहन सुखरामणि, नीरज शुक्ला, सुबोध महावर, वेंकटेश साहू, धनंजय सोनकर, गोपाल साहू, दीपमाला साहू, कैलाश कुकरेजा, डॉ. अमर सिंह साहू, शकुंतला साहू, रोहिताश मिश्रा, डॉ. माझी अनंत, अभिषेक तारक, खुशबू तारक, मनीष पटवा, डॉ. शक्ति वर्मा, डॉ. प्रीति वर्मा, शगुन पटेल, राजकुमारी साहू, नंदिनी सोनकर, वैष्णवी गुप्ता, राहुल गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

# किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो

- विधायक अंबिका ने धान उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

विधायक अंबिका मरकाम ने नगरी, बेलर ब्लॉक के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। किसानों से धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। चर्चा के दौरान किसानों ने बताया कि सरकारी रेट पर पतला धान 2320 व मोटा धान 2300 की दर से खरीदी की जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 9 दिसबंर तक के लिए किसानों का टोकन लगभग सभी खरीदी केंद्रों में काटा जा चुका है। नगरी मंडी में 25 सौ क्विंटल के आसपास धान की खरीदी की जा चुकी है जिसमें 5 हजार क्विंटल तक के धान का उठाव हो गया है। इसी तरह विधायक ने उपार्जन केंद्र फरसियां, सांकरा, उमरगांव, घठुला, बेलरगांव, गढ़डोंगरी, सिहावा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक के समक्ष धान खरीदी केन्द्र में पेयजल व्यवस्था, सीसी रोड, शेड निर्माण, किसान कुटी, शौचालय की मांग कृषक एवं कर्मचारियों द्वारा रखी गई। विधायक ने कहा कि इस विषय में मंडी बोर्ड से बात कर सभी निर्माण कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा।

विधायक ने अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि अधिकतर किसानों को ऑनलाइन टोकन के लिए समस्या हो रही थी जिस पर कलेक्टर के साथ मीटिंग में इस पर चर्चा की गई। इसके बाद लगभग सभी खरीदी केंद्र में ऑफलाइन टोकन के लिए भी आदेश जारी कर दिया गया है। अब कृषक ऑफलाइन टोकन कटाकर अपना धान बेच सकेंगे। निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष, भानेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी दौवा लाल देवागन, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री सचिन भंसाली, महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बिसेन, जयंती, हेमू साहू, महेन्द्र पाण्डेय, पिंकी यदु, खम्मन साहू, अख्तर खान, वेदराम साहू, दुर्गेश कश्यप, कृष्ण मरकोले, आसकरण पटेल, रामकुमार सरोज समेत क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## विद्यार्थी अपने रिक्त समय का उपयोग समाज सेवा में करें : कविता



- बारना में जिपं सभापति ने राष्ट्रीय सेवा योजना का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शाउमाशा कातलबोड़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम बारना में मुख्य अतिथि कविता बाबर वन सभापति जिला पंचायत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ललिता ध्रुव ने की।

श्रीमती बाबर ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का गठन 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस उद्देश्य के साथ किया गया कि विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो। विद्यार्थी अपने रिक्त समय एवं अवकाश का सदुपयोग कर समाज सेवा में करें। रासेयो का मुख्य उद्देश्य समाजसेवा के माध्यम से व्यक्ति का विकास है। समुदाय की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की पहचान कर उनका समाधान करना ही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। अन्य अतिथियों ने कहा कि जन समुदाय में नेतृत्व की भावना पैदा कर एकता का संदेश देना ही योजना का उद्देश्य है। मौके पर प्राचार्य विकास साहू, गोधन साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी माखन साहू, जोन अध्यक्ष अशोक साहू, चित्रकुमार साहू, कुंजलाल साहू, बुधंनतीन पटेल, खिलेश्वरी साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दूजराम कुरमातराई सोसाइटी के अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ⏩आमदी(धमतरी)

दूजराम सिन्हा को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुरमातराई का प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुख्य अतिथि नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमन्त माला ने श्री सिन्हा को प्राधिकृत अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हेमन्त माला ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि नीति ने किसानों को नई दिशा और विश्वास दिया है। सरकार की योजनाएं जैसे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और कृषि उत्पादकता को प्रोत्साहित करने के उपाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं। दूजराम सिन्हा ने कहा कि छग सरकार की जनहितैषी नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। मौके पर जिपं सदस्य श्रीमती दमयंती साहू, कृषक सेवा सहकारी समिति देमार अध्यक्ष कालीदास सिन्हा, केशव साहू, दुखु राम, असरु साहू, भागवत साहू, बाबूराम, रामजी साहू, दीनानाथ, जितेश सिन्हा, घनश्याम सिन्हा और दुर्गा सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे। व्यवस्थापक अरुण सोनवानी ने आभार प्रकट किया।

## हेयर कलर उठा ले गई महिला पूछने पर की गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ब्यूटी पार्लर से एक महिला ब्यूटी प्रोडक्ट उठाकर ले गई। ब्यूटी पार्लर संचालिका ने जब उससे रूपए मांगे तो महिला ने गाली-गलौज की। इसकी लिखित शिकायत सिटी कोतवाली में करते हुए संचालिका ने उस महिला के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की है। वंदना विहार कालोनी निवासी रोशनी सोनी अपनी ही कालोनी में ब्यूटी पार्लर चलाती है।

पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए उन्होंने बताया कि वह 23 नवंबर को शादी कार्यक्रम में बाहर गई थी। पार्लर की कर्मचारी लोमिता साहू पॉलर का संचालन कर रही थी।

इसी दौरान ऊपर एक किरायेदार महिला उसके पार्लर से हेयर कलर का डिब्बा सहित अन्य सामान को जबरदस्ती उठाकर ले गई। पार्लर में अन्य सामानों को बिखरा दिया और कर्मचारी से गाली गलौज की। इसकी जानकारी जब उसे हुई तो फोन पर महिला से बात की। फोन पर ही महिला ने गाली देना शुरू कर दिया। रोशनी ने उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## डा. प्रदीप ने परीक्षा में तनाव से मुक्ति के उपाय बताए

- भटगांव में खरतुली स्कूल का रासेयो शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली की राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई द्वारा 27 नवंबर तक भटगांव में प्राचार्य श्री नागवंशी के निर्देशन एवं आकाशगिरी गोस्वामी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में शिविर लगाया गया है। 23 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार साहू पूर्व राज्य सचिव रेडक्रॉस समिति, गुरुशरण साहू नेत्र सहायक अधिकारी जिला चिकित्सालय धमतरी, प्रबंधक बीरेंद्र सिंह केंद्रीय भंडारण निगम सोरम थे।

मौके पर डॉ प्रदीप कुमार साहू ने कहा कि परीक्षा के पूर्व तनाव से हम कैसे मुक्त हो सकते हैं। परीक्षा से पहले हो रही टेंशन को दूर करने के लिए विद्यालय प्रारंभ होने के दौरान ही अपनी तैयारी प्रारंभ कर देनी चाहिए। लक्ष्य का निर्धारण का तैयारी करें। सही समय पर भोजन और मेडिटेशन करें। नकारात्मक ऊर्जा को दूर भगाएं। परीक्षा के समय आराम की भी आवश्यकता होती है। लगातार पढ़ने और तनाव से थकावट व कमजोरी हो सकती है। समय-सारिणी निर्धारित कर परीक्षा की तैयारी करें। इसे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का तनाव नहीं होगा।

## बच्चों ने बाल मेला का लिया आनंद

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला बिजनापुरी में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। बाल मेला का उद्घाटन स्कूल शाला प्रबंधन अध्यक्ष उदय देवांगन और सरपंच रिंकू सेन ने किया। मेला में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टाल लगाया गया था। जनप्रतिनिधि सहित पालकों ने स्टॉल से सामान खरीदा। स्टाल पर बच्चों की भीड़ अधिक रही। इस दौरान प्राचार्य, शिक्षक, पंचायत सचिव पुरुषोत्तम सिन्हा, संतोष नागरची सहित बड़ी संख्या में बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

### पीएम श्री केवि धमतरी में आयोजित हुआ स्काउट-गाइड कैम्प

# स्काउट-गाइड से मानवीय मूल्यों का विकास : कुस्तवार

- शिष्टाचार, झंडा गीत, आदर्श वाक्य, लेफ्ट हैण्ड शेक एंड सेल्यूट, विभिन्न प्रकार की कहानी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी






पीएम श्री केवि धमतरी में विद्यालय स्तरीय स्काउट-गाइड कैम्प का आयोजन किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार थे। स्काउट-गाइड प्रभारी हरेन्द्र साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। पीएल साहू ने कैम्प की आवश्यकता, महत्त्व और सभी गतिविधियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट-गाइड गतिविधियों से बच्चों में मानवीय मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने बच्चों को पूरे मन से स्काउट-गाइड के नियम को जीवन में अपनाकर अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

इस दो दिवसीय कैम्प में कब विभाग से प्रवेश के 21, प्रथम चरण के 21, द्वितीय चरण के 21 तथा तृतीय चरण के 13 कब्स ने प्रतिभाग किया। बुलबुल विभाग से प्रवेश के 6, कोमल पंख के 6 और स्वर्ण पंख के 10 बुल्बुल्स ने प्रतिभाग किया। स्काउट विभाग से प्रवेश के 16, प्रथम सोपान के 16 और द्वितीय सोपान के 20 स्काउट्स ने प्रतिभाग किया। गाइड विभाग से प्रवेश के 20, प्रथम सोपान के 20 और द्वितीय सोपान के 7 गाइड्स ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को भारत स्काउट्स-गाइड्स के उद्देश्य, आधारभूत, सिद्धांत, मिशन और विज़न के बारे बताया गया। प्रार्थना, नियम, ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत, आदर्श वाक्य, लेफ्ट हैण्ड शेक एंड सेल्यूट, विभिन्न प्रकार की कहानी, गीत, नारे, गांठ, बुलबुल ट्री सजाकर बुलबुल ग्रीटिंग, कब ग्रीटिंग, भालू डांस, मोगली और तारा की कहानी, भलाई के कार्य, ज्ञानेन्द्रिय परिक्षण, बीपी सिक्स व्यायाम, प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। सुरेश देवांगन, रीमन देवांगन, प्रदीप सिंह रावत, अमिता मैथ्यू, अंजलि परिहार, योगिता, बीआर यादव ने प्रशिक्षक के दायित्वों का निर्वहन किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411